


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

RNI No.- UPHIN/25/A4228
भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त


## Aligarh News: डीडीयू अस्पताल में दवा-नमूना गड़बड़ी पर डीएम सख्त, रिपोर्ट तलब

अलीगढ़ में सीलन भरी दवा देने और जांच का नमूना बदलने के मामले में प्रशासन सख्त हो गया है। खबर का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एम. के. माथुर से विस्तृत आख्या तलब की। सीएमएस ने अपनी रिपोर्ट में तकनीकी त्रुटि स्वीकार की है। रिपोर्ट के अनुसार, 18 अप्रैल को मरीज रुचि बलगम जांच के लिए अस्पताल पहुंची थीं। लैब प्रोटोकॉल के तहत सुबह का नमूना आवश्यक होने पर उन्हें अगले दिन आने को कहा गया। 21 अप्रैल को दोबारा नमूना देने पर ऑपरेटर स्तर पर डिब्बी पर गलत प्रिंटिंग हो गई, जिससे नमूना बदल गया और जांच प्रक्रिया प्रभावित हुई। त्रुटि सामने आने के बाद 23 अप्रैल को दोबारा जांच कर रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड कर दी गई।




दवा वितरण में सीलन की शिकायत पर सीएमएस ने स्वयं निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण दवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि ओपीडी में प्रतिदिन 200–250 एक्स-रे किए जाते हैं। टीबी मरीजों को एक्स-रे फिल्म दी जाती है, जबकि अन्य मरीजों के लिए डिजिटल स्क्रीनिंग की सुविधा उपलब्ध है। डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि मरीजों की सुविधाओं से कोई समझौता न हो। अस्पताल में नियमित निरीक्षण, दवाओं की समय पर उपलब्धता और गुणवत्ता बनाए रखने के लिए सख्त निगरानी सुनिश्चित की जाए।

## Aligarh News: एएमयू में छात्राओं का पीछा करने वाला मनचला गिरफ्तार, मुकदमा दर्ज



अलीगढ़ में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं का पीछा करने का मामला सामने आया है। घटना 10 मई की रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। एसएन हॉल क्षेत्र में मौजूद एएमयू की प्रॉक्टोरियल टीम को एक युवक की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली, जिसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि युवक परिसर में छात्राओं का पीछा कर रहा था, जिससे वे असहज और भयभीत हो गईं। छात्राओं की शिकायत पर प्रॉक्टोरियल टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में लिया और इसकी सूचना थाना सिविल लाइन पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को अपने कब्जे में लेकर थाने ले गई। उत्तर प्रदेश पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। सीओ नगर तृतीय ने जानकारी देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय परिसर में छात्राओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि आरोपी से पूछताछ की जा रही है और यदि उसके खिलाफ पूर्व में भी कोई शिकायत पाई जाती है तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि परिसर में सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त किया जाएगा। छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नियमित गश्त बढ़ाने और संदिग्ध व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## Aligarh News: सुरेंद्र दिलेर बने मंत्री, भाजपा ने साधा जातीय संतुलन



दिलेर परिवार की संघ और भाजपा से पुरानी निष्ठा भी इस फैसले की बड़ी वजह मानी जा रही है। स्वर्गीय किशनलाल दिलेर जनसंघ के दौर से सक्रिय रहे और कई बार विधायक व सांसद रहे। उनके बाद राजवीर दिलेर ने राजनीतिक विरासत संभाली। परिवार की संगठन के प्रति प्रतिबद्धता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से करीबी संबंध भी टिकट और अब मंत्री पद मिलने में सहायक रहे। राज्यमंत्री बनने के बाद सुरेंद्र दिलेर ने कहा कि यह जिम्मेदारी पार्टी नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विश्वास का परिणाम है। वे इसे पूरी निष्ठा से निभाएंगे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, 2027 के चुनाव को देखते हुए भाजपा ने यह कदम उठाया है, जिससे पश्चिमी यूपी में अनुसूचित वर्ग और जाट समाज के बीच मजबूत संदेश जाए।

अलीगढ़-हाथरस की सियासत में बड़ा बदलाव करते हुए खैर से विधायक सुरेंद्र दिलेर को प्रदेश मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। पहली बार विधायक और युवा चेहरा होने के बावजूद उन्हें मंत्री पद देकर भाजपा ने सभी अटकलों पर विराम लगा दिया। प्रदेश के इकलौते वाल्मीकि विधायक होने के नाते उनकी ताजपोशी को राजनीतिक रूप से अहम माना जा रहा है। खैर सीट भले ही एससी आरक्षित है, लेकिन यह पश्चिमी यूपी के जाटलैंड क्षेत्र का हिस्सा मानी जाती है। 2022 में इसी सीट से अनूप प्रधान मंत्री बने थे, लेकिन 2024 में उनके सांसद बनने के बाद उपचुनाव में वाल्मीकि समाज से सुरेंद्र दिलेर को टिकट मिला और वे 38 हजार वोटों से जीतकर विधानसभा पहुंचे। अब उन्हें मंत्री बनाकर भाजपा ने वाल्मीकि समाज और जाट वोट बैंक दोनों को साधने की रणनीति अपनाई है।

## Aligarh News

### गंगाधाम कॉलोनी में चोरी के बाद बंद मकान में आग, जांच शुरू



अलीगढ़ के थाना सासनीगेट क्षेत्र स्थित गंगाधाम कॉलोनी में 10 मई को एक बंद मकान में आग लगने की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। सीओ सिटी प्रथम नरेंद्र सिंह ने बताया कि मकान में रह रहे किरायेदार राघवेन्द्र ने शिकायत दी है कि घर से कुछ सामान चोरी हुआ है। जिस हिस्से में मकान मालिक का सामान रखा था, वह सुरक्षित पाया गया है। पुलिस ने किरायेदार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# Aaj Ka Rashifal 11 May:
## इन चार राशि वालों के लिए दिन में मिल सकती है अच्छी खबरें,



11 May Ka Rashifal: आचार्य मानस शर्मा से जानिए चंद्र राशि पर आधारित मेष, वृषभ, मिथुन, कर्क, सिंह, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु, मकर, कुंभ और मीन राशि वालों के लिए 11 मई 2026 का राशिफल।11 मई, सोमवार को ज्येष्ठ माह के कृष्ण पक्ष की नवमी तिथि है और इस तिथि पर आडल और विडाल योग का संयोग होगा। इस तिथि पर शतभिषा नक्षत्र और इन्द्र योग का संयोग बनेगा इस तिथि पर चंद्रमा का गोचर कुंभ राशि में रहेगा।



### मेष
आज आपके ऊपर से पुराने कर्ज का बोझ हल्का हो सकता है, लेकिन ध्यान रखें। फिजूल खर्च आपकी जेब ढीली कर सकता है। शेयर मार्केट से अचानक फायदा आपका दिन बना देगा। काम के सिलसिले में भागदौड़ ज्यादा रहेगी और फोकस थोड़ा डगमगा सकता है। किसी अजनबी की मीठी बातों में आने से बचें। आपकी मेहनत आखिरकार रंग जरूर दिखाएगी।



### वृषभ
आज जरूरी कामों पर पूरा ध्यान देना ही सफलता की चाबी होगा। घूमते-फिरते कोई ऐसी जानकारी मिल सकती है जो आगे बहुत काम आएगी। अटका हुआ सरकारी काम पूरा होने के संकेत हैं। घर को सजाने-संवारने का मन बनेगा। संतान की ओर से खुशखबरी दिल को सुकून देगी और आपकी नेतृत्व क्षमता भी निखरकर सामने आएगी।



### मिथुन
आज कुछ नया करने की ऊर्जा आपके अंदर जोश भर देगी। जीवनसाथी की भावनाओं को समझना जरूरी होगा, नहीं तो छोटी बात बड़ा विवाद बन सकती है। पिताजी के साथ किसी बिजनेस डील पर चर्चा हो सकती है। लाइफस्टाइल में सुधार आएगा और सुख-सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी। परीक्षा के परिणाम आपके पक्ष में आ सकते हैं



### कर्क
आज का दिन खास खुशखबरी लेकर आ सकता है। मन की टेंशन दूर होगी और सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। हालांकि मस्ती के चक्कर में काम बिगड़ भी सकते हैं, इसलिए संतुलन बनाए रखें। विरोधियों से सतर्क रहें और पारिवारिक बातें घर तक ही सीमित रखें।



### सिंह
आज आपकी मेहनत का पूरा फल मिलेगा और सकारात्मक ऊर्जा आपको आगे बढ़ाएगी। किसी दूर रह रहे रिश्तेदार से मिलने का प्लान बन सकता है। आपके फैसले सटीक रहेंगे, जिससे काम आसान होगा। किसी सहयोगी की बात दिल को लग सकती है, लेकिन प्यार और सहयोग की भावना आपके रिश्तों को मजबूत बनाए रखेगी।



### कन्या
आज का दिन भागदौड़ से भरा रहेगा और कुछ कामों में अड़चनें आ सकती हैं। सेहत में उतार-चढ़ाव आपको परेशान कर सकता है। घर में मेहमानों के आने से रौनक बढ़ेगी, लेकिन किसी पुरानी बात पर विवाद भी हो सकता है। संतान की ओर से खुशखबरी मिलेगी और भगवान की भक्ति में मन लगेगा।



### तुला
आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। कुछ प्रभावशाली लोगों से मुलाकात नए रास्ते खोल सकती है। बैंक से लोन लेने की सोच रहे हैं तो काम आसानी से बन सकता है। दिनचर्या में सुधार लाना जरूरी होगा। माताजी की दी हुई जिम्मेदारी समय पर पूरी करें। बच्चों के साथ बिताया समय आपको सुकून देगा।



### वृश्चिक
आज नौकरी की तलाश कर रहे लोगों के लिए अच्छे मौके सामने आएंगे। आपकी पहचान और संपर्क बढ़ेंगे और बॉस भी आपके काम से खुश रहेंगे। स्वादिष्ट खाने का आनंद मिलेगा, लेकिन पेट का ध्यान रखना जरूरी है। कोई जरूरी जानकारी किसी से शेयर करने से पहले सोच लें। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ सकती है।



### धनु
आज का दिन मिला-जुला रहेगा। मां से पारिवारिक मुद्दों पर बातचीत होगी और लाइफस्टाइल में सुधार आएगा। पैतृक संपत्ति से जुड़ा मामला थोड़ी टेंशन दे सकता है। पुराने दोस्त से मुलाकात होगी, लेकिन पुरानी बातें छेड़ने से बचें। बिजनेस में नई पार्टनरशिप आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकती है।



### मकर
आज राजनीति से जुड़े लोगों के लिए खास अवसर हैं। किसी बड़े नेता से मुलाकात हो सकती है। जीवनसाथी के साथ शॉपिंग का प्लान बनेगा, लेकिन खर्चों पर ध्यान रखें। उधार लेकर वाहन चलाने से बचें। हर काम में सफलता मिलेगी, लेकिन विरोधी भी सक्रिय रहेंगे।




### कुंभ
आज आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और पुराने निवेश से अच्छा लाभ मिल सकता है। बिजनेस में नए बदलाव आपको आगे बढ़ाएंगे। जीवनसाथी को प्रमोशन मिलने से खुशी दोगुनी होगी। मेहनत का पूरा फल मिलेगा। घर में धार्मिक माहौल बनेगा और रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा।



### मीन
आज नया वाहन खरीदने का मन बन सकता है। काम में पूरी मेहनत दिखानी होगी, तभी सफलता मिलेगी। पढ़ाई में परेशानी आ रही है तो गुरुजनों की सलाह काम आएगी। संतान की संगति पर ध्यान देना जरूरी है। उधार लेने की योजना फिलहाल टाल दें। पिताजी की किसी बात से मन थोड़ा आहत हो सकता है।

# शुभेंदु अधिकारी के पीए की हत्या:
## यूपी तक पहुंची हाईप्रोफाइल मर्डर की गूंज, कोलकाता पुलिस ने तीन को दबोचा



शुभेंदु अधिकारी के पीए के तीन हत्यारोपियों को पश्चिम बंगाल पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। टीम इन्हें अपने साथ ले गई है।पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ रथ की हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से दो आरोपी बक्सर बिहार के रहने वाले हैं। जबकि, तीसरा आरोपी यूपी के बलिया का रहने वाला है। लेकिन, वर्तमान यह भी बक्सर में ही रहता है। इनमें से एक आरोपी राज सिंह अयोध्या के नगर कोतवाली क्षेत्र से पकड़ा गया है। हालांकि, इस मामले में जिले की पुलिस कुछ भी बोलने से इनकार कर रही है। इसके अलावा मयंक मिश्रा और विक्की मौर्या को बक्सर से ही गिरफ्तार किया गया है। ये दोनों मूल रूप से बक्सर के ही रहने वाले हैं।सूत्रों के अनुसार, मूल रूप से बलिया का रहने वाला राज सिंह लखनऊ की तरफ से लखनऊ-गोरखपुर हाईवे से आ रहा था। सुरक्षा एजेंसियों से मिले इनपुट के आधार पर कोलकाता पुलिस ने इसे नगर कोतवाली क्षेत्र की सीमा में हाईवे से ही गिरफ्तार कर लिया। हालांकि, अभी तक इसके संबंध में ठोस साक्ष्य सामने नहीं आए हैं। पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जानकारी की जा रही है।बताते चलें कि पश्चिम बंगाल में हुए इस चर्चित हत्याकांड के बाद से वहां की पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश में यूपी समेत कई राज्यों में दबिश दे रही थी। जांच एजेंसियां मोबाइल कॉल डिटेल, लोकेशन ट्रैकिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर संदिग्धों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थीं। अब मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। बताया जा रहा है कि कोलकाता पुलिस आज दोपहर में प्रेस वार्ता करके गिरफ्तारी के बारे में जानकारी देगी।

# दिल्ली में आज बारिश,
## आंधी-तूफान और 50 की रफ्तार से चलेंगी हवाएं; कैसा रहेगा दो दिन मौसम?




दिल्ली-एनसीआर में नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 11 और 12 मई को आंशिक से पूर्ण बादल छाए रहेंगे। शाम-रात गरज-चमक के साथ हल्की बारिश और 30-50 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है। कुछ दिनों की गर्मी से राहत मिलने के बाद 14 मई से तापमान फिर बढ़ेगा।आज से दिल्ली-एनसीआर के मौसम में लगातार बदलाव देखने को मिलेगा। रविवार को एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो गया है। इसका असर रात या सोमवार सुबह तक मैदानी इलाकों में दिखाई दे सकता है। दिल्ली में आज बारिश का अलर्ट जारी किया गया है।मौसम विभाग के अनुसार, 11 और 12 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से घिरा रहेगा। यह स्थिति बाद में पूरी तरह बादल छाने में बदल सकती है। इन दिनों शाम और रात के समय गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चलेंगी। हल्की बारिश की भी संभावना जताई गई है। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है। झोंकों में यह 50 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। ऐसे में लोगों को भीषण गर्मी से कुछ राहत मिलने की उम्मीद है। 13 मई को भी बादलों की आवाजाही बनी रहेगी और सुबह व दोपहर में गरज के साथ मौसम बदल सकता है।इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी। 14 मई को आसमान आंशिक रूप से बादलों से ढका रहेगा। 15 और 16 मई को मौसम मुख्य रूप से साफ रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 34 से 40 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान 23 से 28 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। कुछ दिनों की राहत के बाद सूरज फिर अपने तेवर दिखाएगा।दिल्ली के लोगों को कई दिनों से गर्मी का कष्ट झेलना पड़ रहा है।

# इस वीक मिलेगा एंटरटेनमेंट का डबल डोज




ओटीटी पर इन दिनों गजब हो रहा है। गर्मियां बढ़ती जा रही हैं। वीकएंड पर लोग घर पर सुकून से रहना पसंद कर रहे हैं। मगर, मनोरंजन में कोई कमी न बीते हफ्ते रही और न इस वीक रहेगी। ओटीटी पर जबर्दस्त सीरीज और फिल्में जो रिलीज हो रही हैं। इस वीक भी एक्शन और थ्रिलर से भरपूर कई ऑप्शन उपलब्ध हैं। देखिए इस बार की लिस्ट....महीनेभर से ज्यादा समय तक सिनेमाघरों में धमाल करने वाली ब्लॉकबस्टर फिल्म 'धुरंधर द रिवेंज' आखिर ओटीटी पर आने को तैयार है। आदित्य धर निर्देशित रणवीर सिंह, सारा अर्जुन, संजय दत्त, अर्जुन रामपाल, आर माधवन अभिनीत इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 1000 करोड़ क्लब में एंट्री ली है। ऐसा करने वाली यह पहली बॉलीवुड फिल्म है। दर्शक 15 मई से इसे जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं। यह क्राइम ड्रामा फिल्म है। इसे पुलकित ने निर्देशित किया है। वहीं, शाहरुख खान की पत्नी गौरी खान ने इस फिल्म को प्रोड्यूस किया है। रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी इस फिल्म में सैफ अली खान, रसिका दुग्गल, संजय मिश्रा और मनीष चौधरी जैसे सितारे हैं। सैफ अली खान फिल्म में पुलिस ऑफिसर के रूप में नजर आएंगे। यह फिल्म 15 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।यह एक तमिल ड्रामा सीरीज है। इसे नेशनल अवॉर्ड विजेता ए. सर्कुनम ने लिखा है और इसके निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। यह शो एक प्रतियोगी परीक्षा के दबाव भरे माहौल में एक तनावपूर्ण और भावनात्मक सफर पर आधारित है। 'एग्जाम' सीरीज 15 मई से प्राइम वीडियो पर उपलब्ध होगी।

# अमीषा पटेल ने बॉलीवुड एक्ट्रेसेस पर कसा तंज, फेक पीआर गेम की खोली पोल



कई बॉलीवुड एक्टर्स की पीआर टीम हमेशा सक्रिय रहती है। वह एक्टर फिल्में करे या ना करे। उसकी फिल्में बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो जाएं, तब भी वह लाइमलाइट में बना रहता है। कई एक्टर्स और एक्ट्रेसेस को नंबर वन के टैग भी मिलते रहते हैं। यह सब कहीं ना कहीं पीआर गेम का नतीजा है, ऐसा अमीषा पटेल का मानना है। हाल ही में अपने ट्विटर अकाउंट पर अमीषा ने बॉलीवुड के फेक पीआर गेम पर खुलकर बात की है। आगे एक ट्वीट और अमीषा पटेल ने किया। इसमें वह लिखती हैं, 'फिल्म 'कहो ना प्यार है', 'गदर 1' या 'गदर 2' एक नहीं, बल्कि हीरोइन के तौर पर मैंने 3 सबसे बड़ी सोलो ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं, जिनमें तीनों ही फिल्मों को सबसे ज्यादा दर्शक मिले। आज भी, ये फिल्में मेरे को-स्टार्स के करियर की भी सबसे बड़ी हिट फिल्में हैं। लेकिन दूसरी एक्ट्रेसेस के मुकाबले मेरी 'फेक पीआर मशीनरी' कमजोर है।'अमीषा पटेल ने अपने करियर और फ्यूचर प्रोजेक्ट्स के बारे में भी फैंस को सोशल मीडिया के जरिए बताया। वह एक ट्वीट में लिखती हैं, 'फिल्म 'गदर 3' पक्का आएगी और जब आएगी तो थिएटर में हंगामा मच जाएगा। दर्शकों

# सीन्स को काट दिया जाता था अमित बहल ने खोली बड़े स्टार्स की पोल





Amit Behl Talk About Insecure Bollywood Actors: बॉलीवुड के कुछ बड़े एक्टर्स को लेकर चर्चा रहती है कि वह सह-कलाकारों के रोल काट देते हैं। हाल ही में एक सीनियर एक्टर अमित बहल ने भी इस मुद्दे पर खुलकर बात की है। बड़े एक्टर ने नए या सीनियर एक्टर का रोल काट दिया या उसे फिल्म से ही बाहर करवा दिया, ऐसे कई किस्से बॉलीवुड गलियारों में खूब सुनने को मिलते हैं। हाल ही में इस बात पर एक्टर अमित बहल ने भी एक इंटरव्यू में खुलकर बात की है। साथ ही ऋतिक रोशन के साथ अभिनय करने के अपने अनुभव को भी साझा किया है। सिद्धार्थ कन्नन के पॉडकास्ट में अभिनेता अमिता बहल ने बताया कि कई बड़े एक्टर्स सहायक किरदार निभाने वाले एक्टर्स के सीन्स को कटवा देते थे। यह सब कुछ असुरक्षा की भावना के कारण होता है। अमित बहल कहते हैं, 'यह बहुत बुरा लगता है।'वह आगे कहते हैं, 'पहले ऐसे कई मामले सामने आते थे, जब हमारे सीन्स को काट दिया जाता था। लेकिन अब वे ऐसा करने की हिम्मत उतनी आसानी से नहीं कर पाते हैं, क्योंकि अगर फिल्म ही नहीं चलेगी तो फिर कोई भी स्टार बनकर कैसे रह पाएगा?'अमित बहल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'लक्ष्य' में अभिनय किया था। यह अनुभव उनके लिए यादगार रहा। वह पॉडकास्ट में कहते हैं, 'जब मैंने फिल्म 'लक्ष्य' में काम किया तो फरहान अख्तर ने मेरे हर उस शॉट को फिल्म में रखा, जिसके बारे में मुझे पहले बताया गया था। फिल्म में एक बहुत ही पॉपुलर सीन है, जिसमें मैं ऋतिक रोशन को सजा देता हूं। उन्हें ऑब्सटेकल रेस में शामिल करवाता हूं। तब ऋतिक रोशन ने मुझसे कहा था कि सर अगर जरूरत पड़े, तो आप मुझे लात भी मार सकते हैं। मैंने अपने शरीर पर बॉडी पैड पहना हुआ है, इसलिए आप बिल्कुल भी चिंता न करें। हमने उस शॉट के लिए तीन बार टेक लिए।' अमित बहल आगे कहते हैं, 'फिल्म 'कहो ना प्यार है' के बाद ऋतिक रोशन पहले से ही एक बहुत बड़े स्टार बन चुके थे और 'दिल चाहता है' के बाद फरहान अख्तर एक बेहद कामयाब और सराहे जाने वाले निर्देशक बन चुके थे। इसके बावजूद उन्होंने मेरे सभी सीन को फिल्म में बनाए रखा। काई सीन्स नहीं काटा। इस फिल्म को लेकर मेरे पास बहुत खूबसूरत यादें हैं।' अमित बहल ने ऋतिक रोशन के साथ फिल्म 'लक्ष्य' में अभिनय किया था। यह अनुभव उनके लिए यादगार रहा।

# कपिल शर्मा शो में हुआ क्या? सुनील पाल ने शेयर किया





कॉमेडियन समय रैना, रणवीर अल्लाहबादिया और सुनील पाल का यह एपिसोड 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में वर्ल्ड लाफ्टर डे के मौके पर प्रसारित हुआ था, जिसे कपिल शर्मा होस्ट करते हैं। शो में सुनील पाल, समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया साथ नजर आए थे, लेकिन बाद में इसके कुछ क्लिप्स सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए।इन क्लिप्स में समय रैना द्वारा सुनील पाल पर बार-बार किए गए मजाक को लेकर लोगों की मिला-जुला रिएक्शन देखने को मिला। कुछ लोगों ने इसे हल्की-फुल्की मस्ती बताया, जबकि कई लोगों को लगा कि सुनील को शो में थोड़ा असहज किया गया। वहीं कुछ दर्शकों ने सुनील के कुछ जोक्स को भी पुराना और अजीब बताया।हाल ही में जी स्विच को दिए इंटरव्यू में सुनील पाल ने कहा कि वह इस पूरे सेगमेंट के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। उन्होंने बताया कि शो से पहले उन्हें बहुत कम जानकारी दी गई थी और उन्हें अंदाजा नहीं था कि शो में क्या होने वाला है। सुनील ने कहा, 'मुझे बताया गया था कि समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया शो में होंगे और मुझे भी वहां परफॉर्म करना है। मुझे स्टैंडअप के लिए बुलाया गया था

# CII Summit:

## पश्चिम एशिया संकट के बीच अदाणी ने AI और डेटा सेंटर पर दिया जोर, कहा- सस्ती बिजली ही भविष्य की नींव



सीआईआई समिट में गौतम अदाणी ने कहा कि 21वीं सदी में किसी देश की असली ताकत ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल क्षमता से तय होगी। उन्होंने कहा कि जो देश ऊर्जा और कंप्यूटिंग पर नियंत्रण रखेगा, वही भविष्य की वैश्विक व्यवस्था को दिशा देगा।भारत की ऊर्जा सुरक्षा, डिजिटल क्षमता और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के भविष्य को लेकर सीआईआई समिट में गौतम अदाणी ने बड़ा विजन पेश किया है। उन्होंने कहा कि 21वीं सदी में किसी भी देश की असली ताकत केवल उसकी सैन्य या आर्थिक क्षमता से नहीं, बल्कि ऊर्जा और तकनीकी आत्मनिर्भरता से तय होगी।उन्होंने कहा कि कोई भी देश तब तक पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं कहा जा सकता, जब तक वह अपनी अर्थव्यवस्था को चलाने वाली ऊर्जा और अपने भविष्य को आकार देने वाली तकनीक के लिए दूसरे देशों पर निर्भर हो।

### पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर क्या बोले

हालिया पश्चिम एशिया संघर्ष और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे पर हुए हमलों का उल्लेख करते हुए अदाणी ने कहा कि अब ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटल सुरक्षा अलग-अलग विषय नहीं रह गए हैं। ये दोनों मिलकर राष्ट्रीय शक्ति की नई धुरी बन चुके हैं। उनके मुताबिक, जो देश अपनी ऊर्जा व्यवस्था को नियंत्रित करेगा, वही औद्योगिक भविष्य को दिशा देगा। वहीं जो देश कंप्यूटिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता पर नियंत्रण रखेगा, वही दुनिया के इंटेलिजेंस फ्यूचर का नेतृत्व करेगा।अदाणी ने कहा कि 1947 में भारत ने राजनीतिक स्वतंत्रता हासिल की थी, लेकिन 21वीं सदी में सच्ची आजादी का अर्थ होगा अपने घरों को रोशन करने वाली ऊर्जा औरनई वैश्विक रणनीति को अच्छी तरह समझ चुके हैं।

# SBI Research:

## वैश्विक संकटों के बावजूद अर्थव्यवस्था की मजबूत FY2027 में 6.6% जीडीपी ग्रोथ का अनुमान




वैश्विक संकटों और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बावजूद FY27 में भारत की जीडीपी 6.6% की दर से बढ़ेगी। SBI रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार मजबूत खपत और क्रेडिट ग्रोथ से अर्थव्यवस्था को मिलेगा सहारा। पूरी रिपोर्ट पढ़ें। वैश्विक भू-राजनीतिक तनाव और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था लगातार अपना लचीलापन दिखा रही है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) की हालिया रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 (FY27) में भारत की जीडीपी विकास दर 6.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। यह आंकड़ा इस बात का स्पष्ट संकेत है कि पश्चिमी एशिया के संकट और अन्य बाहरी अनिश्चितताओं के बावजूद घरेलू खपत और मजबूत आर्थिक बुनियाद देश को विकास के पथ पर लगातार आगे बढ़ा रही है।रिपोर्ट में वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों के आर्थिक प्रभाव का एक व्यापक गणितीय आकलन भी पेश किया गया है। एसबीआई के अर्थशास्त्रियों के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में प्रति 10 डॉलर प्रति बैरल की वृद्धि होने पर देश का चालू खाता घाटा (सीएडी) 35 आधार अंक बढ़ सकता है। इसके अलावा, महंगाई में 35-40 आधार अंक की वृद्धि और जीडीपी में 20-25 आधार अंक की कमी आ सकती है। वर्तमान में मई महीने में कच्चे तेल की कीमतें 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बनी हुई हैं। रिपोर्ट में यह अनुमान जताया गया है

### खपत और विकास दर का मजबूत आधार

पिछले वित्त वर्ष (FY26) के लिए जीडीपी विकास दर 7.5 प्रतिशत रहने की उम्मीद है, जिसमें चौथी तिमाही में वास्तविक जीडीपी विकास दर 7.2 प्रतिशत के करीब रह सकती है। उच्च आवृत्ति वाले आर्थिक आंकड़े यह दर्शाते हैं कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद विकास की गति मजबूत बनी हुई है। भारतीय स्टेट बैंक के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष के अनुसार, कृषि और गैर-कृषि गतिविधियों से मिलने वाले सकारात्मक संकेतों के कारण ग्रामीण खपत काफी मजबूत बनी हुई है। इसके साथ ही, राजकोषीय प्रोत्साहन के समर्थन से शहरी खपत में भी पिछले त्योहारी सीजन के बाद से लगातार तेजी देखी जा रही है, जो आर्थिक वृद्धि को सहारा दे रही है। अर्थव्यवस्था में मांग और खपत बढ़ने का सीधा असर बैंकिंग सेक्टर के क्रेडिट (ऋण) वितरण पर पड़ा है। वित्त वर्ष 2026 में अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की क्रेडिट ग्रोथ बढ़कर 16.1 प्रतिशत हो गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 11.0 प्रतिशत के स्तर पर थी। कुल वृद्धिशील ऋण वृद्धि 29.5 लाख करोड़ रुपये रही, जिसमें सरकार द्वारा जीएसटी के माध्यम से खपत को दिए गए प्रोत्साहन के कारण दूसरी छमाही में 24.5 लाख करोड़ रुपये का भारी ऋण वितरण शामिल था। एसबीआई रिसर्च का अनुमान है कि वित्त वर्ष 2027 की पहली छमाही में क्रेडिट ग्रोथ मजबूत बनी रहेगी, लेकिन उच्च आधार प्रभाव के कारण दूसरी छमाही में इसमें मामूली गिरावट आ सकती है, जिससे पूरे वर्ष के लिए ऋण वृद्धि 13 से 14 प्रतिशत के बीच रह सकती है।

# Gold-Silver Price

## पश्चिम एशिया के तनाव से चांदी 2.51 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के पार; सोने पर दबाव जारी



सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने और चांदी की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और मजबूत होते अमेरिकी डॉलर के कारण वैश्विक बाजारों में हलचल मची, जिसका असर घरेलू बाजार पर भी पड़ा। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,800 रुपये (1.15 प्रतिशत) गिरकर 1,54,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। सोमवार को सोना 1,56,100 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था।चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट देखी गई। चांदी 6,500 रुपये (लगभग 3 प्रतिशत) टूटकर 2,44,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) पर आ गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 2,50,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।एचडीएफसी सिक्योरिटीज के कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने बताया कि बढ़ती ऊर्जा कीमतों ने महंगाई की चिंता बढ़ा दी है, जिससे ब्याज दरों के तक ऊंचे रहने की उम्मीदें मजबूत हुई हैं। इसके कारण बॉन्ड यील्ड में भी बढ़ोतरी हुई है, जिससे सोने की कीमतों पर दबाव पड़ा है।इसके अलावा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व सहित प्रमुख केंद्रीय बैंकों के फैसलों से पहले व्यापारी अपनी स्थिति कम कर रहे हैं, जिससे कीमतों पर और दबाव पड़ा है।अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट देखी गई। स्पॉट गोल्ड 95.37 डॉलर (2.04 प्रतिशत) गिरकर 4,586.50 डॉलर प्रति औंस और चांदी 2.33 डॉलर (3.09 प्रतिशत) गिरकर 73.18 डॉलर प्रति औंस पर आ गई।निवेशक अब प्रमुख अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर नजर रखेंगे,जिसमें एडीपी साप्ताहिक रोजगार के आंकड़े और कॉन्फ्रेंस बोर्ड विश्वास के आंकड़े शामिल हैं।

# पेंशन अब म्यूचुअल फंड जितनी आसान

## UPI से खुलेगा खाता, मिलेगा बुढ़ापे को डबल कवर




पेंशन सिर्फ बचत नहीं, एक अनुशासन है। यह 40-50 साल की लंबी साझेदारी है। इसलिए अपनी वित्तीय योजना में म्यूचुअल फंड के साथ पेंशन को भी जरूर शामिल करें।अब से ठीक 10 साल बाद यानी 2036 में भारत की तस्वीर बदल चुकी होगी। तब तक देश में बुजुर्गों की आबादी 20 करोड़ को पार कर जाएगी। साल 2011 की तुलना में यह दोगुनी होगी। परिवार छोटे हो रहे हैं और औसत उम्र बढ़ रही है। ऐसे में सवाल सिर्फ आज की कमाई का नहीं, बल्कि उस वक्त की आर्थिक गरिमा का है, जब हाथ-पैर काम करना बंद कर देंगे। पेंशन म्यूचुअल फंड नहीं है। अक्सर हम इन दोनों को एक ही तराजू में तौलते हैं लेकिन पेंशन का मकसद एटीएम से पैसा निकालना नहीं, बल्कि एक सुरक्षित भविष्य के लिए लोहे की दीवार खड़ी करना है। एनपीएस को आम आदमी के लिए सरल व सुलभ बनाने के लिए पीएफआरडीए पेंशन क्षेत्र में बड़े बदलाव करने जा रहा है.एनपीएस संचय उन निवेशकों के लिए डिजाइन किया गया है जो फंड मैनेजर या एसेट एलोकेशन (इक्विटी, सरकारी बॉन्ड या कॉरपोरेट बॉन्ड) चुनने की जटिलता में नहीं पड़ना चाहते। यह योजना असंगठित क्षेत्र के लोगों को ध्यान में रखकर बनाई गई है। इसमें निवेश का एक निश्चित ढांचा होगा जैसा कि 2004 से सरकारी कर्मचारियों के लिए चल रहा है।

## IPL 2026 Playoffs Scenario: अब टॉप-4 की कुर्सी पर बैठने के लिए आठ टीमों के बीच 'मारामारी' मुंबई और लखनऊ बाहर



आरसीबी ने मुंबई इंडियंस को हराकर आईपीएल 2026 अंक तालिका में पहला स्थान हासिल कर लिया है। इस हार के साथ मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गए। अब आठ टीमें टॉप-4 की लड़ाई में बची हैं। आरसीबी, हैदराबाद, गुजरात और पंजाब मजबूत स्थिति में हैं, जबकि चेन्नई, राजस्थान, कोलकाता और दिल्ली के लिए रास्ता कठिन है। आइए विस्तार से समझते हैं हर टीम का प्लेऑफ समीकरण। आईपीएल 2026 अब अपने सबसे रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। लीग चरण के आखिरी मुकाबले नजदीक हैं और हर मैच प्लेऑफ की तस्वीर बदल रहा है। रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मुंबई इंडियंस को आखिरी गेंद पर हराकर न सिर्फ दो अहम अंक हासिल किए, बल्कि अंक तालिका में शीर्ष स्थान भी कब्जा लिया। इस हार के साथ मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो गए। अब कुल आठ टीमें अभी भी शीर्ष चार में जगह बनाने की लड़ाई में हैं। आइए पहले अंक तालिका का मौजूदा हाल देख लेते हैं आरसीबी इस समय 11 मैचों में 14 अंकों के साथ नंबर-एक पर है। टीम का नेट रन रेट +1.103 है, जो बाकी दावेदारों से काफी बेहतर है। रजत पाटीदार की कप्तानी में टीम संतुलित नजर आ रही है। बल्लेबाजी में गहराई है और गेंदबाजी भी असरदार रही है। सनराइजर्स हैदराबाद भी 14 अंकों पर है, लेकिन नेट रन रेट +0.737 होने के कारण दूसरे स्थान पर है। टीम पूरे सीजन शानदार लय में रही है और बल्लेबाजी बेहद खतरनाक नजर आई है। पंजाब किंग्स ने अब तक केवल 10 मैच खेले हैं और 13 अंक हैं। यानी बाकी टीमों से एक मैच ज्यादा बचा है। पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स 12 अंकों पर है। नेट रन रेट +0.185 है, जो बहुत सुरक्षित नहीं माना जा सकता। राजस्थान भी 12 अंकों पर है, लेकिन नेट रन रेट +0.082 है, जो चेन्नई से भी नीचे है। टीम पिछले चार मैचों में तीन हार झेल चुकी है, जिससे दबाव बढ़ गया है।

## लखनऊ के बाहर होने का था इंतजार? पाकिस्तान-बांग्लादेश से सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान मार्श कप्तान



ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान और बांग्लादेश के खिलाफ आगामी सीरीज के लिए अपनी टीम का एलान कर दिया है। चयनकर्ताओं ने इस बार युवा खिलाड़ियों पर भरोसा जताते हुए तीन नए चेहरों को मौका दिया है। टीम में अनुभव और युवा जोश का संतुलन देखने को मिल रहा है, जबकि यह चयन भविष्य की योजनाओं को ध्यान में रखकर किया गया माना जा रहा है। आईपीएल 2026 में प्लेऑफ की रेस से मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बाहर होते ही ऑस्ट्रेलियाई टीम का एलान हो गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज और मई-जून 2026 में बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली व्हाइट-बॉल सीरीज के लिए अपनी टीम की घोषणा की है। आईपीएल 2026 में लखनऊ सुपर जाएंट्स के लिए खेल रहे मिचेल मार्श दोनों ही फॉर्मेट में टीम की कप्तानी करते हुए नजर आएंगे। पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और मिचेल स्टार्क को आराम दिया गया है। वनडे टीम में बिली स्टैनलेक और राइली मेरेडिथ की वापसी हुई है। ओली पीक, लियाम स्कॉट और जोएल डेविस को पहली बार ऑस्ट्रेलियाई टीम में शामिल किया गया है। पीक को सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया है, जबकि स्कॉट को बांग्लादेश के खिलाफ सिर्फ वनडे सीरीज के लिए टीम में जगह दी गई है। जोएल डेविस बांग्लादेश के खिलाफ सिर्फ टी20 सीरीज में खेलते नजर आएंगे। आईपीएल 2026 में खेल रहे ट्रेविस हेड, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस और जेवियर बार्टलेट बांग्लादेश के खिलाफ होने वाली वनडे सीरीज में पीक, स्टैनलेक, मेरेडिथ और मैट शॉर्ट की जगह लेंगे। वनडे फॉर्मेट से संन्यास ले चुके ग्लेन मैक्सवेल को टी20 टीम में शामिल नहीं किया गया है। पीक, स्कॉट और डेविस को घरेलू प्रदर्शन में शानदार प्रदर्शन का इनाम मिला है। स्कॉट को 2025/26 में शेफील्ड शील्ड प्लेयर ऑफ द ईयर चुना गया था, जबकि डेविस 2025/26 बिग बैश लीग में सबसे अहम खिलाड़ी रहे थे।

## IPL 2026: RCB के हेड कोच एंडी फ्लावर पर क्यों चला BCCI का चाबुक? भरना पड़ेगा इतना जुर्माना जानें पूरा मामला




मैच की बात करें तो आरसीबी ने एमआई से मिले 168 रनों के लक्ष्य को आखिरी गेंद पर आठ विकेट खोकर हासिल किया। टीम की तरफ से क्रुणाल पांड्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 73 रनों की धमाकेदार पारी खेली। हालांकि, आरसीबी के कोच फ्लावर पर जुर्माना लगा है। मैच की बात करें तो आरसीबी ने एमआई से मिले 168 रनों के लक्ष्य को आखिरी गेंद पर आठ विकेट खोकर हासिल किया। टीम की तरफ से क्रुणाल पांड्या ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 46 गेंदों में 73 रनों की धमाकेदार पारी खेली। हालांकि, आरसीबी के कोच फ्लावर पर जुर्माना लगा है। एंडी फ्लावर ने कोड ऑफ कंडक्ट के आर्टिकल 2.3 का उल्लंघन किया, जो मैच के दौरान 'अभद्र भाषा' से जुड़ा है। यह घटना आरसीबी की पारी के दौरान 17.2 ओवर में हुई, जब फ्लावर एक फैसले से नाखुश होने के बाद चौथे अंपायर से तीखी बहस करते हुए नजर आए। दरअसल, अल्लाह गजनफर की गेंद पर क्रुणाल ने वाइड लॉन्ग-ऑन की तरफ हवाई शॉट खेला। बाउंड्री लाइन पर फील्डिंग कर रहे नमन धीर ने कैच पकड़ा, लेकिन अपना बैलेंस बिगड़ने की आशंका के चलते उन्होंने गेंद को तिलक वर्मा की तरफ उछाल दिया। हालांकि, तिलक कैच को पूरा नहीं कर सके। पहली नजर में ऐसा लगा कि कैच पकड़ने के प्रयास में नमन का पैर बाउंड्री रोप को छू गया रिप्ले में नमन बाउंड्री लाइन से दूर नजर आए। क्रुणाल को लगा कि यह गेंद छक्के के लिए जा रही

## 'क्या MI में राजनीति हो रही थी?' जयवर्धने ने इस सवाल पर दिया बड़ा बयान सीनियर प्लेयर्स को लेकर तोड़ी चुप्पी




मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने ने टीम के खराब प्रदर्शन और सीनियर खिलाड़ियों को बेंच करने पर उठे 'पॉलिटिक्स' के सवालों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने साफ कहा कि टीम में कोई राजनीति नहीं थी और ज्यादातर बदलाव चोटों के कारण हुए। जयवर्धने ने माना कि टीम इस सीजन में प्रदर्शन और निरंतरता के मामले में कमजोर रही। मुंबई इंडियंस के कोच महेला जयवर्धने ने टीम के खराब प्रदर्शन और सीनियर खिलाड़ियों को बेंच करने पर उठे 'पॉलिटिक्स' के सवालों पर खुलकर जवाब दिया। उन्होंने साफ कहा कि टीम में कोई राजनीति नहीं थी और ज्यादातर बदलाव चोटों के कारण हुए। जयवर्धने ने माना कि टीम इस सीजन में प्रदर्शन और निरंतरता के मामले में कमजोर रही। जयवर्धने ने पूरे सीजन के प्रदर्शन को निराशाजनक बताया। उन्होंने स्वीकार किया कि टीम मौके मिलने के बावजूद उन्हें भुना नहीं सकी। उन्होंने कहा, 'यह सीजन निराशाजनक रहा। हमें मौके मिले, लेकिन हम पर्याप्त अच्छे नहीं थे। गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में की कमी रही और यही फर्क बन गया। हम प्लेऑफ की दौड़ में रहने के लिए दो-तीन जीत दूर थे, लेकिन हम वो जीत हासिल नहीं कर पाए। आज का मैच भी इसका उदाहरण है, जहां हम थोड़ा पीछे रह गए।' जयवर्धने ने कहा, 'अभी पूरे सीजन का आकलन करना मुश्किल है। मुझे इस पर सोचने की जरूरत है कि आखिर कहां गलती हुई। लेकिन हां, हम अपने कौशल और निष्पादन में इस सीजन बेहतर नहीं थे। मुंबई इंडियंस इस सीजन में बार-बार अपनी प्लेइंग इलेवन बदलती नजर आई, जो टीम की पहचान के विपरीत है।

## MI vs RCB: 'सच कहूं तो हम जीत के हकदार नहीं थे' मुंबई को हराकर बाहर करने के बाद बोले आरसीबी के कप्तान पाटीदार

मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत के बावजूद आरसीबी कप्तान रजत पाटीदार ने चौंकाने वाला बयान दिया। उन्होंने कहा कि टीम इस मैच को जीतने की हकदार नहीं थी, क्योंकि मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप होने के बावजूद लक्ष्य आसानी से हासिल किया जाना चाहिए था। क्रुणाल पांड्या और भुवनेश्वर कुमार जीत के सबसे बड़े नायक रहे। आईपीएल 2026 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ आखिरी गेंद पर मिली रोमांचक जीत के बाद जहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु जश्न में डूबी थी, वहीं कप्तान रजत पाटीदार का बयान सभी को चौंका गया। पाटीदार ने साफ कहा कि उनकी टीम इस जीत की हकदार नहीं थी। रायपुर में खेले गए मुकाबले में आरसीबी ने 167 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम गेंद पर जीत दर्ज की। हालांकि एक समय टीम 5.1 ओवर में 39 रन पर तीन विकेट गंवाकर मुश्किल में फंस गई थी। जब आरसीबी दबाव में थी, तब क्रुणाल पांड्या ने जिम्मेदारी संभाली और 46 गेंदों में 73 रन की शानदार पारी खेली।



उनकी पारी ने टीम को मुकाबले में वापस ला दिया। मैच के बाद पाटीदार ने कहा, 'मुझे लगता है अब यह सामान्य हो गया है, लेकिन यह बहुत करीबी मुकाबला था। कुल मिलाकर शानदार मैच रहा और खासकर केपी (क्रुणाल पांड्या)। मुझे लगता है कि वही खिलाड़ी हैं जिन्होंने टीम के लिए यह कर दिखाया। क्रुणाल पांड्या को इस मैच में नंबर पांच पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था। कप्तान ने बताया कि यह टीम मैनेजमेंट का सामूहिक फैसला था। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है यह हमारा फैसला था। हमने टीम मीटिंग में इस पर चर्चा की थी। वह पहले भी नंबर पांच पर खेल चुके हैं। हम उन्हें यह मौका देना चाहते थे और उन्होंने शानदार काम किया। उनके पास काफी अनुभव है, इसलिए बड़े मंच पर और दबाव में ऐसे खिलाड़ी कमाल करते हैं।' पहली पारी में अनुभवी तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 विकेट लिए। उन्होंने मुंबई इंडियंस की बल्लेबाजी को खुलकर खेलने नहीं दिया। पाटीदार ने कहा, 'जिस तरह उन्होंने गेंद पर नियंत्रण रखा, वह शानदार था। यह विकेट दो गति वाली थी और उछाल भी अलग-अलग था। ऐसी पिच पर उन्हें खेलना बहुत मुश्किल था।' मैच जीतने के बाद भी पाटीदार अपनी टीम के प्रदर्शन से पूरी तरह संतुष्ट नहीं दिखे। उन्होंने कहा कि इतनी मजबूत बल्लेबाजी लाइनअप होने के बावजूद लक्ष्य आसानी से हासिल होना चाहिए था। उन्होंने कहा, 'फिलहाल हम अंक तालिका की चिंता नहीं कर रहे हैं। हमारा मंत्र अपनी ताकत के अनुसार खेलना और अच्छा क्रिकेट खेलना है। गेंदबाजों ने शानदार काम किया और उन्हें 166 पर रोकना बेहतरीन था।

# BOOK YOUR ADVERTISEMENT



+91 7088120612





